जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/एफ/प्रशा/प्रवेश/2019/ 1843 दिनांक 22/7/19

प्रति

विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक/अधिकारी/प्रभारी/वार्डन
जीवाजी विश्वविद्यालय
एवं प्राचार्य/प्राचार्या, जीवाजी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध
समस्त महाविद्यालय (शासकीय एवं अशासकीय)

विषय – वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2018 –19 हेतु जानकारी भेजने बाबत्।

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालय का वर्ष 2018-19 का (01 जुलाई 2018 से 30 जून 2019 तक) वार्षिक प्रतिवेदन तैयार किया जाना हैं जिसमें निम्नलिखित विवरण प्रकाशित होना आवश्यक है :-

1. महाविद्यालय का संक्षेप में इतिहास तथा स्थापना वर्ष।
2. प्राचार्य का नाम (यदि प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्य दिया गया हो तो स्पष्ट अंकित किया जावे) एवं प्राध्यापकों की विषयवार संख्या भी दी जाये।
3. स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर के उन विषयों का विवरण जिनके अध्ययन हेतु महाविद्यालय को सम्बद्धता है तथा वे विषय जिनमें शोध सुविधायें उपलब्ध है और शोध केन्द्र के रूप में मान्य है।
4. छात्रों की संख्या (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग की जानकारी पृथक से अंकित की जावे)
5. पुस्तकालय की स्थिति।
6. परीक्षा परिणाम।
7. अन्य विशेष कार्यक्रम तथा विशेष गतिविधियां जो प्रकाशन योग्य हों तो उनके विवरण अलग से टाइप कराकर भेजे जा सकते हैं।

वार्षिक प्रतिवेदन शासन के विभिन्न विभागों की ओर भेजने के अतिरिक्त विधानसभा पटल पर भी रखे जाते हैं। पूर्व वर्षो में आपकी ओर से यह जानकारियां कई स्मरण पत्र भेजने के पश्चात् भी प्राप्त नही हुई है। कृपया इस प्रकार की प्रवृत्ति की पुर्नावृत्ति न हो।

शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार यदि शासकीय महाविद्यालय निर्धारित समय-सीमा में जानकारी विश्वविद्यालय में नहीं भेजते हैं तो सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य की वेतन वृद्धि रोकी जाने हेतु शासन को सूचना भेजी जावेगी तथा अशासकीय महाविद्यालय यदि समय सीमा में जानकारी नहीं भेजते हैं तो सम्बन्धित महाविद्यालयों की सम्बद्धता समाप्त किये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

अतः कृपया व्यक्तिगत रूचि लेकर शीघ्रातिशीघ्र समस्त जानकारी दिनांक <u>31.07.2019</u> तक संलग्न प्रपत्रानुसार तीन-तीन प्रतियों में **हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी (सीडी)** में अनिवार्यतः **कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर** में भेजने की व्यवस्था करें। उक्त जानकारी विश्वविद्यालय के डाटा सेन्टर के ई-मेल {judatacentre@gmail.com} पर भी आवश्यक रूप से भेजे।

"भेजी गई जानकारी तथ्यात्मक एवं सत्य है" इस आशय का प्रमाण पत्र भी संलग्न करे।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार

कुलसचिव 22/7

प्रतिलिपि :-सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. उप सचिव, उच्चशिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
2. आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, सतपुडा भवन, भोपाल।
3. क्षेत्रीय कार्यालय, अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर चम्बल संभाग, ग्वालियर।
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. वेबसाइड प्रभारी, इस सूचना पत्र को तत्काल जीवाजी विश्वविद्यालय, की वेबसाइड पर अपलोड करे।

उप/सहा-कुलसचिव(प्रशा0)

D:/BHUPENDRA Letter

जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

महाविद्यालय विवरण वर्ष 2018–2019 (1 जुलाई 2018 से 30 जून 2019 तक)

क्रमांक	महाविद्यालय का नाम	प्राचार्य का नाम	कक्षा / सेमेस्टर का नाम	परीक्षा हेतु पंजीयत छात्र संख्या					पंजीयत छात्रों की कुल संख्या	उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या	
				स्नातकोत्तर		स्नातक				स्नातकोत्तर	
				पूर्वार्द्ध	उत्तरार्द्ध	प्रथम	द्वितीय	तृतीय		पूर्वार्द्ध	उत्तरार्द्ध
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12

उत्तीर्ण परीक्षार्थियो की संख्या			उत्तीर्ण छात्रों की कुल संख्या	पढ़ाये जाने वाले विषय		विषय जिसमें शोध सुविधाऐं है।	शोधार्थियों की संख्या पंजीकृत	शोधार्थियों की संख्या जिन्हें शोध उपाधि प्रदान की गई है।	नई पुस्तक संख्या	अनु0 जाति / जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रों की कुल संख्या
प्रथम	द्वितीय	तृतीय		स्नातकोत्तर	स्नातक					
13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23